दैनिक भास्कर बिलासपुर भास्कर 12-08-2025

# जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल बने हाई कोर्ट के स्थायी जज, सीजे सिन्हा ने दिलाई शपथ



बिलासपुर| छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट को सोमवार को नया स्थायी जज मिला। जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल ने सोमवार की सुबह स्थायी जज के पद की शपथ ली। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने अपने न्यायालय कक्ष में उन्हें शपथ दिलाई। इस मौके पर हाई कोर्ट बिलासपुर के सभी जज मौजूद रहे। विधि एवं विधायी कार्य विभाग, नई दिल्ली ने 7 अगस्त 2025 को अधिसूचना जारी कर जस्टिस अग्रवाल की नियुक्ति की घोषणा की थी। शपथ ग्रहण समारोह में महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन. भारत, डिप्टी सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा, हाई कोर्ट अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उमाकांत चंदेल, वरिष्ठ अधिवक्ता, संघ के पदाधिकारी, रजिस्ट्रार जनरल और न्यायिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।